**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–06 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सत्रहवी लोकसभा भंग करने की सिफारिश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में सर्व सम्मति से नेता चुने गये नरेन्द्र मोदी। घटक दलों ने सौंपा समर्थन पत्र।
- आज से शुरू होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता दर्शन कार्यक्रम। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते नही हो रहा था आयोजन।
- प्रदशे के कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज। तेज हवाओं के बीच बारिश से मिली गर्मी से राहत।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने इस्तीफे को स्वीकार कर, नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में राष्ट्रपति से 17 वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का निर्णय किया गया। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल सोलह जून को समाप्त होना था। प्रक्रिया के अनुसार, चुनाव आयोग एक–दो दिन में राष्ट्रपति को लोकसभा चुनावों के परिणामों की अंतिम सूची के साथ चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की सूचना भेजेगा, जिसके साथ ही नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**********

लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों ने नई सरकार के गठन के प्रयास तेज कर दिये हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, राजग ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 292 सीटें जीतकर सरकार बनाने लायक पूर्ण बहुमत हासिल किया है हालांकि कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने सरकार बनाने के लिए अपना विकल्प खुला रखने का संकेत दिया है। इस बीच कल राजग के घटक दलों के नेताओं की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवास पर बैठक हुई। बैठक के दौरान श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार नई सरकार के गठन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। तेलुगूदेसम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल युनाइटेड प्रमुख, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के साथ ही राजग के घटक दलों के नेता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र सौंप दिया है। इसके साथ ही राजग के नेताओं ने सर्व सम्मति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुना है। उम्मीद जताई जा रही है कि श्री मोदी जल्दी ही राजग के घटक दलों के समर्थन पत्र के साथ राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेगें।

**********

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक कल शाम नई दिल्ली में हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, एनसीपी के शरद पवार समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, एमके स्टालिन समेत सभी घटक दलों के प्रमुख नेता मौजूद रहे।

**********

प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से समाजवादी पार्टी में सर्वाधिक 37 सीटों पर जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी को 33 सीटें और कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं। इसी प्रकार लोकदल को 2, अपना दल को एक और आजाद समाज पार्टी काशीराम को एक सीट प्राप्त हुई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास प्रकट किया है, हम उस भरोसे को पूरे दायित्व के साथ कायम रखेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं नें साबित कर दिया है कि जनता की शक्ति से बड़ा कोई नहीं होता है। बसपा इस चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी है। बसपा प्रमुख मायावती ने परिणामों के बाद बयान जारी कर कहा कि पार्टी पूरी गंभीरता के साथ हर स्तर पर पार्टी हित में जो भी जरूरी होगा, उसको लेकर ठोस कदम उठाएगी।

पश्चिमी यूपी की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर जीते हैं। इस चुनाव में भाजपा के कई केन्द्रीय मंत्रियों को प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा है। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.........

***परिवर्तन की आंधी में कई केंद्रीय मंत्रियों ने अपनी सीटें खो दीं, जिनमें मोहनलालगंज से कौशल किशोर, चंदौली से महेंद्र नाथ पांडे, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शामिल हैं, जो एक लाख से अधिक वोटों से अमेठी लोकसभा सीट हार गईं। चुनाव लड़ने वाले मुलायम सिंह यादव परिवार के सभी पांच सदस्य अपनी सीटें जीतने में कामयाब रहे। डिंपल यादव ने बीजेपी के प्रत्याशी और वर्तमान योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को हराया वहीं उनके पति और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को मात दी। फैजाबाद के नतीजे भी भाजपा के लिए चौंकाने वाले रहे जहां समाजवादी पार्टी के अवधेश***

*प्रसाद ने बीजेपी उम्मीदवार लल्लू सिंह को हरा दिया, तो वहीं मेरठ में सिनेमा के राम अरुण गोविल बड़ी मुश्किल से जीत हासिल कर सके। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विभाजन की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ सद्भाव, भाईचारे और सकारात्मक राजनीति की जीत है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

**********

लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के चलते पिछले दो माह से बंद मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम आज से फिर प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह नौ बजे से दोपहर बाद दो बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करेगें। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जनता दर्शन का यह आयोजन मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर होगा।

**********

बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस आगामी नौ जून को होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। इस बीच बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने से संबद्ध परीक्षा केन्द्रो की सूची जारी कर दी है। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के सत्ताइस परीक्षा केन्द्रों पर बारह हजार आठ सौ सत्तावन अभ्यर्थी परीक्षा देगें।

**********

लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संसोधित सूची जारी कर दी है। जून से दिसंबर माह तक आयोग चौदह परीक्षाओं का आयोजन करेगा। इसके अंतर्गत पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा सत्ताइस अक्टूबर को होगी। इसके अलावा पेपर लीक होने के चलते ग्यारह फरवरी को निरस्त की गयी समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंम्भिक परीक्षा अब बाइस दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

**********

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स गोरखपुर में आज से हृदय से संबंधित रोगों का इलाज भी शुरू हो जाएगा। इसकी ओपीडी का शुभारंभ एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर गोपाल कृष्ण पाल करेगें। उन्होंने बताया कि ओपीडी में हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर मोहम्मद आतिफ खान उपचार करेगें। हृदय रोगियों की तत्काल जांच के लिए ईको मशीन भी मंगा ली गयी हैं।

**********

देश में नौकायन यानी सेलिंग की पहली लीग प्रतियोगिता गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सेना, मुख्यालय मध्य कमान और उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में होगा। इसे लेकर कल गोरखपुर की कमीश्नरी सभागार में सेना तथा प्रदेश सरकार के अधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें गोरखपुर के मण्डलायुक्त अनिल ढीगरा को लीग प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया। मण्डलायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद अधिकारियों ने रामगढ़ताल का निरीक्षण भी किया।

**********

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों के लोगों को मौसम के मिजाज में आये बदलाव से काफी राहत मिली है। आज तड़के जौनपुर, महराजगंज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, आजमगढ़, संतकबीरनगर, एटा समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। उधर पीलीभीत, बस्ती, सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हल्की बारिश होने और तेज हवाओं के चलने से मौसम के मिजाज में नरमी आई है। इस बीच मौसम विभाग ने कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, अमेठी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, शाहजहांपुर, लखीमपुरखीरी समेत कई जिलों में गरज–चमक के साथ तेज हवाओं के चलने, ओले पड़ने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई है।

**********